# असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी

## नया पाठ्यक्रम

समिति की परीक्षाओं के पाठ्यक्रमों में कुछ संशोधन किये गए हैं। वर्ष 2023 से होनेवाली परीक्षाओं में नए और पुराने दोनों पाठ्यक्रमों के आधार पर प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षार्थी को किसी एक पाठ्यक्रम से सम्बंधित प्रश्नों के जवाब देने होंगे।

## विशेष : वर्ष 2025 से मात्र नए पाठ्यक्रमों के आधार पर ही परिचय से प्रबोध तक की परीक्षाएँ अनुष्ठित होंगी।

### परिचय

समिति की यह पहली परीक्षा है। विद्यार्थियों को नागरी लिपि से परिचय कराना, सुन्दर अक्षर लिखने का तरीका सिखाना, छोटे-छोटे वाक्यों में साधारण सवालों के जवाब देने का ढंग सिखाना, संयुक्ताक्षरों का ज्ञान कराना, पाठ्यपुस्तक के आधार पर साधारण विषयों तथा व्यवहार में आने वाले कम से कम 500 बुनियादी शब्दों का ज्ञान देना, पाठ्यपुस्तक के किसी पाठ का मातृभाषा में अनुवाद करने का अभ्यास कराना, कविता की कम से कम दस पंक्तियाँ कंठस्थ कराना इस परीक्षा के पाठ्यक्रम के अंतर्गत विषय होंगे। इस परीक्षा का मानदण्ड निम्न माध्यमिक विद्यालय की छठी कक्षा के हिंदी विषय के समकक्ष है। परिचय परीक्षा के लिए सौ अंक का एक लिखित प्रश्न-पत्र होगा, जिसका निर्धारित समय तीन घंटे है।

**प्रश्न पत्र संख्या - एक**
**कुल अंक - 100**
**उत्तीर्णांक - 30**
**समय - तीन घण्टे**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अंक विभाजन : | हिंदी परिचय | - | 60 अंक |
| | कहानी संग्रह (पहला भाग) | - | 40 अंक |
| | कुल | - | 100 अंक |

**पाठ्यपुस्तकें :**

1. **हिंदी परिचय : ( समिति प्रकाशन )** (पूरी किताब पढ़ना है)।
2. **कहानी संग्रह ( पहला भाग ) : समिति प्रकाशन।**
   (निर्धारित पाठ : राजधर्म, अकबर का सपना, पुण्य का पैसा, भाई का प्यार, सुखी कौन, सच्ची मित्रता, रामू की शिकायत)

### प्रथमा

प्रथमा परीक्षा प्राथमिक खण्ड की दूसरी परीक्षा है। इस परीक्षा का मानदण्ड विद्यालय की सातवीं कक्षा के हिंदी विषय के बराबर है। पाठ्यपुस्तक के आधार पर पूछे गये सवालों के जवाब छोटे-छोटे वाक्यों में देना, 10 पंक्तियों तक पठित कविता जवानी याद करना, पाठ्यपुस्तक में दी गई कहानी या कोई जीवनी सरल हिंदी में लिखना, पशु-पक्षी, स्थान, दृश्य और किसी घटना आदि का आठ-दस पंक्तियों में वर्णन करना, 1 से 100 तक अंकों की गिनती जानना, अंकों को अक्षरों में लिखना तथा अक्षरों में दी हुई संख्याओं को अंकों में परिवर्तित करना, व्याकरण की जानकारी, संज्ञा, सर्वनाम, लिंग, वचन, सर्वनाम, कारक-रचना, क्रिया, काल (वर्तमान, भूत तथा भविष्य) का सामान्य ज्ञान प्राप्त करना, हिंदी से मातृभाषा में छोटे-छोटे वाक्यों का अनुवाद करना इस परीक्षा के पाठ्यक्रम के अंतर्गत विषय होंगे। इस परीक्षा के लिए सौ अंकों के तथा तीन घण्टे के कुल दो लिखित प्रश्न पत्र होंगे।

कुल प्रश्न पत्र - दो
कुल अंक - 200
उत्तीर्णांक - 30 फीसदी कुल जोड़ में।

#### प्रथम प्रश्न पत्र

**पहला परचा :**

**समय - तीन घण्टे** **कुल अंक : 100**

| अंक विभाजन : | | |
|---|---|---|
| गद्य (पल्लव भाग 1 और 2) | - | 70 अंक |
| पद्य (पल्लव भाग 1 और 2) | - | 30 अंक |
| कुल | | 100 अंक |

**पाठ्यपुस्तकें :**

1. **पल्लव भाग 1 ( समिति प्रकाशन )।**
   (निर्धारित पाठ : पद्य : (क) हम होंगे कामयाब (गीत) (ख) स्वर माला (कविता), (ग) प्रकृति का संदेश
   गद्य : धैर्य का पाठ (जातक कथा), लोकप्रिय गोपीनाथ बरदलै, चलो तेजपुर चलें, खेल और सेहत)।
2. **पल्लव भाग 2 ( समिति प्रकाशन )।**
   (निर्धारित पाठ : पद्य : (क) जीना-जिलाना मत भूलना (ख) सुमन एक उपवन के (ग) अमृत वाणी)।
   गद्य : एक तेजस्वी और दयावान बालक, चाय : असम की एक पहचान, स्वाधीनता संग्राम में पूर्वोत्तर की वीरांगनाएँ, कागज की कहानी)।

## द्वितीय प्रश्न पत्र

**दूसरा परचा :**

**समय -तीन घण्टे** **कुल अंक : 100**

अंक विभाजन : कहानी संग्रह 50 अंक, बातचीत-20 अंक, व्याकरण परिचय-20 अंक, अनुवाद माला-10 अंक, कुल -100 अंक

**पाठ्यपुस्तकें :**

1. **कहानी संग्रह ( दूसरा भाग ) समिति प्रकाशन।**
   (निर्धारित पाठ : बदला, युधिष्ठिर और स्वामीभक्त कुत्ता, चिन्तामणि का साधक, चम्पा की बात, सूझ-बूझ, बिल्ली के पैर)।
2. **बात-चीत - समिति प्रकाशन।**
   (निर्धारित पाठ : बाग, अखबार, पहाड़, समय का उपयोग, चलो तेल-शोधनागार चलें, व्यायाम, कुछ जानने की बातें॥
3. **व्याकरण परिचय : समिति प्रकाशन।**
   (निर्धारित पाठ : कारक, काल, सकर्मक और अकर्मक क्रियाएँ, लिंग, वचन, संख्या (गिनती))।
4. **अनुवाद माला ( पहला भाग ) समिति प्रकाशन।**
   (पूरी किताब पढ़ना है)

## प्रवेशिका

समिति की यह तीसरी परीक्षा। इस परीक्षा का मानदण्ड उच्च माध्यमिक विद्यालय की दसवीं कक्षा के हिंदी विषय के समकक्ष है। पाठ्यपुस्तक की कविताओं का अर्थ एवं भावार्थ सरल हिंदी में लिखना, पाठ्यपुस्तक के गद्य या पद्य खण्ड का सन्दर्भ सहित व्याख्या करना, पूछे गये प्रश्नों का उत्तर सरल हिंदी में पन्द्रह से बीस पंक्तियों में लिखना, दैनन्दिन व्यवहार में आनेवाले कम से कम 1500 बुनियादी शब्दों की जानकारी रखना, पूरी गिनती और अंकों की जानकारी रखना, मातृभाषा से हिंदी में और हिंदी से अंग्रेजी तथा मातृभाषा में अनुवाद करना, दस से पन्द्रह पंक्तियों तक सरल हिंदी में वर्णनात्मक और व्यक्तिगत पत्र लिखना, वर्णनात्मक निबंध लिखना तथा हिंदी व्याकरण का सामान्य ज्ञान पाना इस परीक्षा पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विषय होंगे। इस परीक्षा में सौ अंकों के तथा तीन-तीन घण्टे के कुल 3 (तीन) लिखित प्रश्न-पत्र होंगे।

**परीक्षा में बैठने की योग्यता :**

समिति की प्रथमा परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी इस परीक्षा में बैठ सकते हैं।

**सीधे बैठने की योग्यता :**

1. भारत सरकार द्वारा मान्य स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा संचालित प्रथमा परीक्षा के समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण।
2. प्रथम भाषा के रूप में हिंदी लेकर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण।
3. उच्च माध्यमिक विद्यालय अथवा हाई मदरसा की आठवीं श्रेणी की वार्षिक परीक्षा हिंदी लेकर उत्तीर्ण।
4. हिंदी सहित संस्कृत की आद्य परीक्षा उत्तीर्ण।
5. भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित प्रबोध परीक्षा उत्तीर्ण।

कुल प्रश्न पत्र - तीन
कुल अंक - 300
उत्तीर्णांक - 30 फीसदी कुल जोड़ में।

**<u>प्रथम प्रश्न पत्र</u>**

**पहला परचा :**

**समय - तीन घण्टे** **कुल अंक : 100**

अंक विभाजन :गद्यमाला–40 अंक, कहानी संग्रह–40 अंक, भारत के सपूत–20 अंक, कुल–100 अंक।

**पाठ्यपुस्तकें :**

1. **गद्यमाला ( पहला भाग )– समिति प्रकाशन।**
   (निर्धारित पाठ : 1. आरोग्य साधन 2. धन की खोज 3. ब्रह्मपुत्र का एक द्वीप 4. हिमालय की एक घटना 5. गुरु नानक 6. परिश्रम का सम्मान 7. मथुरादास बूढ़ा आता)।
2. **कहानी संग्रह ( तीसरा भाग ) समिति प्रकाशन।**
   (निर्धारित पाठ : 1. ममता 2. स्वर्गारोहन 3. कठोर कृपा 4. अमराई 5. हार की जीत)।
3. **भारत के सपूत ( पहला भाग ) समिति प्रकाशन।**
   (निर्धारित पाठ : 1. स्वामी विवेकानन्द 2. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी 3. डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर 4. देशभक्त तरुणराम फुकन 5. मौलाना अबुल कलाम आजाद 6. डॉ. चन्द्रशेखर वेंकट रामन)।

**<u>द्वितीय प्रश्न पत्र</u>**

**दूसरा परचा**

**समय-तीन घण्टे** **कुल अंक : 100**

अंक विभाजन : कहानी संग्रह–50 अंक, हमारे वीर वीरांगनाए–25 अंक, एकांकी कुंज–25 अंक, कुल 100 अंक

**पाठ्यपुस्तकें**

1. **कविता संग्रह ( पहला भाग ) समिति प्रकाशन।**
   (निर्धारित पाठ : प्राचीन खण्ड (क) साखी (ख) दोहे
   आधुनिक खण्ड 1. माँ कह एक कहानी 2. सीखो 3. रहों बड़े के संग 4. भक्त की अभिलाषा 5. चलना हमारा काम है 6. पतित पल्लव 7. यह धरती है बलिदान की)।
2. **हमारे वीर वीरांगनाएँ - समिति प्रकाशन।**
   (निर्धारित पाठ : 1. वीरांगना बालिका 2. शहीद कुशल कोंवर 3. वीर बालक 4. साहस से सफलता 5. मृत्युंजय टिकेन्द्रजीत)।
3. **एकांकी कुंज ( समिति प्रकाशन )।**
   (निर्धारित पाठ : 1. अपाहिज 2. दस हजार 3. उससे न कहना)।

**तृतीय प्रश्न पत्र**

**तीसरा परचा**

**समय-तीन घण्टे** **कुल अंक : 100**

अंक विभाजन : हिंदी निबंध–20 अंक, हिंदी पत्रकारिता–15 अंक, व्याकरण परिचय–35 अंक, अनुवाद माला–30 अंक, कुल–100 अंक

**पाठ्यपुस्तकें**

1. **हिंदी निबंध ( पहला भाग ), समिति प्रकाशन।**
2. **हिंदी पत्र रचना - समिति प्रकाशन।**
3. **अनुवाद माला ( दूसरा भाग ) समिति प्रकाशन।**
4. **व्याकरण परिचय**
   (निर्धारित पाठ : होना क्रिया, कारक, काल, सकर्मक और अकर्मक क्रियाएँ, लिंग, वचन, विलोम शब्द, पर्यायवाची शब्द, मुहावरे)।

## <u>प्रबोध</u>

यह समिति की चौथी परीक्षा है। इस परीक्षा का मानदण्ड एच.एस.एल.सी/मैट्रिकुलेशन अथवा इसके समकक्ष परीक्षा के हिंदी विषय के समकक्ष है। पठित–अपठित कविताओं का अर्थ समझना, कहानी, नाटक, उपन्यास, एकांकी के आधार पर सरल प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखना, पात्रों के बारें में सरल टिप्पणियाँ लिखना, पाठ्यपुस्तकों के विषयों का सम्यक विवेचन करना, 30 पंक्तियों तक कथात्मक,

वर्णनात्मक, आत्म वृत्तात्मक आदि निबंध लिखना, कम से कम 150 मुहावरों का अर्थ समझना और उनका वाक्यों में प्रयोग करना, लगभग 100 लोकोक्तियों का अर्थ समझना, सरकारी कार्यालयों के काम में आने वाले लगभग 200 शब्दावली के साथ कार्यालयीन पत्र व्यवहार की सामान्य जानकारी प्राप्त करना, पत्र-लेखन का ज्ञान प्राप्त करना, मीडिया लेखन का सामान्य ज्ञान पाना, अनुवाद के सैद्धान्तिक व व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करना, हिंदी से अपनी मातृभाषा में तथा हिंदी से अंग्रजी तथा अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद करना तथा संपूर्ण हिंदी व्याकरण की जानकारी रखना, हिंदी में कथोपकथन या संवाद कौशल सीखना इस परीक्षा पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विषय होंगे।

इस परीक्षा में तीन घंटे के तीन लिखित प्रश्न पत्र होंगे। इनमें प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए 100 अंक रहेंगे। **चौथा प्रश्न पत्र** ऐच्छिक होगा जो प्रादेशिक भारतीय भाषा-साहित्य से संबंधित होगा जिसके लिए 50 अंक होंगे। **पाँचवें प्रश्न पत्र** में 50 अंक की मौखिक परीक्षा होगी।

**उत्तीर्णांक :** लिखित प्रत्येक प्रश्न पत्र पर 30 प्रतिशत और औसत में 35 फीसदी पाना अनिवार्य है।

**सीधे बैठने की योग्यता :** (1) भारत सरकार द्वारा स्वीकृति प्राप्त किसी स्वैच्छिक संस्था द्वारा संचालित असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की प्रवेशिका के समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण। (2) हिंदी लेकर मैट्रिक अथवा दूसरी समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण। (3) हिंदी सहित संस्कृत की मध्य परीक्षा उत्तीर्ण। (4) स्नातक अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण। (5) भारत सरकार के गृह मंत्रालय की प्रवीण परीक्षा उत्तीर्ण।

## प्रथम प्रश्न-पत्र

**पहला परचा** (साहित्यिक हिंदी)

**समय : तीन घण्टे** **कुल अंक : 100**

**अंक विभाजन**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पद्य | - | 30 | अंक |
| गद्य | - | 30 | अंक |
| कहानी | - | 20 | अंक |
| लाचित बरफुकन | - | 20 | अंक |
| कुल | - | 100 | अंक |

**पाठ्यपुस्तकें :**

1. **हिंदी पद्य संग्रह ( समिति प्रकाशन )।**

   इस पुस्तक से निम्नलिखित पाठ निर्धारित है-

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्राचीन खंड : | I. साखी (1 से 10 तक) | - | कबीरदास |
| | II. निवेदन | - | तुलसीदास |
| | III. दोहे (1 से 10 तक) | - | रहीम |
| आधुनिक खंड : | I. जागो जागो रे भाई | - | भारतेन्दु हरिश्चन्द्र |
| | II. भारत महिमा | - | जयशंकर प्रसाद |
| | III. फूल | - | महादेवी वर्मा |
| | IV. मानव | - | हरिवंश राय बच्चन |

2. **हिंदी गद्य माला ( दूसरा भाग ) समिति प्रकाशन।**

   इस पुस्तक के निम्नलिखित पाठ निर्धारित है-

   (क) चोरी और प्रायश्चित (आत्मकथा) - महात्मा गांधी

   (ख) असम का जातीय उत्सव - बिहु (निबंध) : संकलित

   (ग) असम में तेल की खोज (निबंध) : संकलित

3. **हिन्दी कहानी संकलन ( पहला भाग ) समिति प्रकाशन।**

   इस पुस्तक के निम्नलिखित पाठ निर्द्धारित है-

   (क) ककड़ी की कीमत - आचार्य चतुरसेन शास्त्री

   (ख) छोटा जादूगर - जयशंकर प्रसाद

   (ग) सोना - महादेवी वर्मा

4. **लाचित बरफुकन ( काव्य ) समिति प्रकाशन।**

   (पूरी किताब पढ़ना है)।

**दूसरा परचा**

**समय : 3 घण्टे** **कुल अंक : 100**

अंक विभाजन : पूर्वोत्तर भारत के क्रान्तिकारी 40 अंक, कवच (नाटक) 30 अंक, राह और रोड़े (उपन्यास) 30 अंक, कुल 100 अंक।

**पाठ्यपुस्तकें :**

1. **पूर्वोत्तर भारत के क्रान्तिकारी - प्रो. ( डॉ. ) जगमल सिंह - समिति प्रकाशन।**
   इस पुस्तक से निम्नलिखित पाठ निर्धारित है–
   I) भोगेश्वरी फुकननी II) संबूधान फोंगलो III) विष्णु प्रसाद राभा IV)गोपीनाथ बरदलै V)रतनमणि VI) खोनामा नगा ग्राम के क्रान्तिकारी VII) चिड्लेनसना।
2. **कवच ( ऐतिहासिक नाटक ) -तरुण आजाद डेका - ( समिति प्रकाशन )।**
3. **राह और रोड़े ( उपन्यास ) - छगनलाल जैन - ( समिति प्रकाशन )।**

**तीसरा परचा ( प्रयोजनमूलक हिंदी )**

**समय : 3 घण्टे** **कुल अंक : 100**

अंक विभाजन : निबंध : 10 अंक, मीडिया लेखन : 10 अंक, कार्यालयीन लेखन–10 अंक, पत्र लेखन : 10 अंक, अनुवाद एवं अपठित गद्य/पद्य: 20 अंक, शब्द रचना: 15 अंक (शब्द भेद, पर्यायवाची शब्द, विपरीत शब्द), वाक्य रचना – 10 अंक (काल परिवर्तन, वाक्य शुद्धि, विराम चिह्न), मुहावरे-लोकोक्तियाँ–10 अंक, पारिभाषिक शब्द- 5 अंक, कुल – 100 अंक।

**पाठ्यपुस्तकें :**

1. **हिन्दी व्याकरण और रचना - समिति प्रकाशन।**
   निर्धारित पाठ : शब्द भेद, पर्यायवाची शब्द, विपरीतार्थक शब्द, मुहावरे और लोकोक्तियाँ, वाक्य रचना, वाक्य शुद्धि, विराम चिह्न।
2. **मुहावरे-लोकोक्तियाँ - समिति प्रकाशन।**
3. **व्यवहारिक हिंदी - समिति प्रकाशन।**
   निर्धारित पाठ : I. मीडिया लेखन II. पत्र लेखन
4. **हिन्दी पत्र रचना - समिति प्रकाशन।**
5. **अनुवादमाला ( तीसरा भाग ) - समिति प्रकाशन।**
6. **हिंदी निबंध ( दूसरा भाग ) - समिति प्रकाशन।**

**चौथा परचा ( ऐच्छिक )**
(प्रादेशिक भारतीय भाषा-साहित्य)

यह प्रश्न पत्र प्रादेशिक भारतीय भाषा–साहित्य से संबंधित होगा। इसमें असमीया, बांग्ला, बड़ो, मिजो और मणिपुरी भाषाओं के भाषा पत्र सम्मिलित है। साथ ही अभिजात एवं प्राचीन भाषा के रूप में संस्कृत विषय में सामान्य जानकारी अनिवार्य है। इस प्रकार भाषा साहित्य से 30 अंक, व्याकरण से 10 अंक और संस्कृत विषय से 10 अंक, कुल–50 अंक चौथे परचे के लिए निर्धारित होगा।

## क ) असमीया विशेष ( जिनकी मातृभाषा असमीया है, उनके लिए यह प्रश्न-पत्र है )।

**समय : 2 घण्टे** **कुल : 50 अंक** **उत्तीर्णांक : 15**

**अंक विभाजन :**

मूल पाठ्यपुस्तक – 30 अंक (गद्य : 15 अंक, पद्य–15 अंक), व्याकरण–10 अंक, संस्कृत पाठ्यपुस्तक–10, कुल–50 अंक।

**निर्धारित पाठ्यपुस्तकें :**

1. **प्रबोध असमीया विशेष - समिति प्रकाशन।**
   इस पुस्तक के निम्नलिखित पाठ निर्धारित है–

**पद्यांश :**

I) बरगीत- श्री श्री माधवदेव II) जिकिर- आजान फकिर III) मानव बन्दना- चन्द्र कुमार आगरवाला
IV) प्रचंड धुमुहाइ प्रश्न करिले मोक - डॉ. भूपेन हाजरिका।

**गद्यांश :**

I) साहित्यइ जीवनर अमिया- नीलमणि फुकन II) छात्र जीवन आरु समाज सेवा - डिम्बेश्वर नेउग III) असमर जनगोष्ठीर गाँथनि आरु संस्कृति - आब्दुछ छात्तार IV) लुकु डेकाफुकनर देश भक्ति - नकुल चन्द्र भुञाँ।

**2. असमीया व्याकरण ज्योति- असम राज्यिक पाठ्यपुथि प्रणयन आरु प्रकाशन निगम लि., गुवाहाटी-1**

**निर्धारित पाठ :** पद परिवर्तन, वाक्य रचना, अनुरूप आरु अनुकार शब्द, संधि, भुल शुधरणि।

3. **संस्कृत बोध- समिति प्रकाशन।**
   इस पुस्तक से (प्रथम से पाँच तक) कुल पाँच पाठ निर्धारित है।

## ख) असमीया साधारण ( जिनकी मातृभाषा असमीया नहीं है, उनके लिए यह प्रश्न-पत्र है)।

**समय : 2 घण्टे** **कुल अंक : 50,** **उत्तीर्णांक - 15**

**अंक विभाजन :**

मूल पाठ्यपुस्तक से - 30 अंक, व्याकरण-10 अंक, संस्कृत पाठ्यपुस्तक - 10 अंक, कुल -50 अंक।

**निर्धारित पाठ्यपुस्तकें :**

1. **प्रबोध असमीया-समिति प्रकाशन। ( पूरी किताब पढ़ना है )।**
2. **संस्कृत बोध - समिति प्रकाशन।**
   इस पुस्तक से (प्रथम से पाँच तक) कुल पाँच पाठ निर्धारित है।

## ग) बांग्ला बिशेष : ( जिनकी मातृभाषा बांग्ला है, उनके लिए यह प्रश्न-पत्र है। )

**समय : 2 घंटे** **कुल अंक : 50** **उत्तीर्णांक - 15**

**अंक विभाजन : मूल पाठ्यपुस्तक- 30 अंक,( गद्य-15, पद्य-15 ), व्याकरण-10 अंक, संस्कृत पाठ्यपुस्तक-10 अंक, कुल-50 अंक।**

**पाठ्यपुस्तकें :**

**1. बांग्ला साहित्य चयनिका ( दशम श्रेणी ) - असम राज्यिक पाठ्यपुथि प्रणयन आरु प्रकाशन निगम लिमिटेड, गुवाहाटी - 1**

(निर्धारित पाठ : गद्य- क) सागर संगमे नवकुमार - वंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय, ख) बांग्लार नवयुग - बिपिन चन्द्र पाल, ग)बलाई - रबीन्द्र नाथ ठाकुर घ)तोता काहिनी- सैयद मुजतबा आली, ङ) कंम्पिउटार कथा, इन्टारनेट कथकता - संजीब देवलस्कर।

पद्य : क) प्रार्थना - विद्यापति, ख) विजया दशमी - माइकेल मदुसूदन दत्त ग) ग्राम्यछवि - गिरीन्द्र मोहिनी दास, घ) प्रतिनिधि - रवीन्द्र नाथ ठाकुर।

**2. बांग्ला व्याकरण : असम पाठ्यपुस्तक निर्माण और प्रकाशन निगम लि., गुवाहाटी-।**

(पद परिवर्तन, संन्धि, वाक्य-रचना, अशुद्धि संशोधन, लिंग निर्णय) - ये पाठ्य हैं।

**3. संस्कृत बोध :** - **समिति प्रकाशन।**

इस पुस्तक से (प्रथम से पाँच तक) कुल पाँच पाठ निर्धारित है।

## घ) बड़ो विशेष : ( जिनकी मातृभाषा बड़ो है, उनके लिए यह प्रश्न-पत्र है)।

**पाठ्यपुस्तकें :**

**1. खनसाइ बिदां- असम पाठ्यपुस्तक निर्माण और प्रकाशन निगम लि. गुवाहाटी - 1**

( गद्य- बिमा राव - मणिराम मसाहारी, आखल दानाय- नमल चन्द्र बड़ो, गोजोनाय- लखेश्वर ब्रह्म।
पद्य- दानसोरां हराव- प्रम'द चन्द्र ब्रह्म, मिजिंक- बिनेस्वर ब्रह्म, आयो दाउ- खफ्लिं- समर ब्रह्म चौधुरी, दैमा- मन'रन्जन लाहारी- ये पाठ्य हैं)।

**2. रावखान्थि - असम पाठ्यपुस्तक निर्माण और प्रकाशन निगम लि. गुवाहाटी - 1**

(सोदोब सोलाइनाय, बिछं, होनजाब सोदोब- ये पाठ्य हैं)।

**3. संस्कृत बोध : - <u>समिति प्रकाशन।</u>**

इस पुस्तक से (प्रथम से पाँच तक) कुल पाँच पाठ निर्धारित है।

## ङ ) मिजो विशेष : ( जिनकी मातृभाषा मिजो है, उनके लिए यह प्रश्न-पत्र हैं )।

**समय : 2 घंटे** **कुल अंक : 50** **उत्तीर्णांक : 15**

अंक विभाजन : मूल पाठ्यपुस्तक-30 अंक (गद्य-15, पद्य-15), व्याकरण-10 अंक, संस्कृत पाठ्यपुस्तक- 10अंक, कुल- 50 अंक।

**पाठ्यपुस्तकें -**

**1. Class X MIZO- Published by Mizoram Board of School Education, Aizawal, Mizoram. ( गद्य- Nun kawng - Dr. R. L. Hanmawia, Kan Zoram Nuam - Thandanga, Zahawmna- Siamkima, Zawlbuk - Remkunga, Lentu zing riai - Lalsangzuali Sailo ये पाठ्य** हैं।
**पद्य - Ka tan nileh thla reng a eng tawh lo - Taivela, Chhul Khat kual - C. Durhanga, Zofate inpumkhatna - C. Chhuanvawara, Zirtu kawng - Selet Thanga, Hmangaihna - Vankhama. ये पाठ्य** हैं।

**2. Class- X Mizo, Mizo Grammer ( Publish by Mizoram Board of School Education, Aizawal, Mizoram.) के सभी पाठ निर्धारित हैं।**

**3. संस्कृत बोध : - समिति प्रकाशन।**

इस पुस्तक से (प्रथम से पाँच तक) कुल पाँच पाठ निर्धारित हैं।

## च ) मणिपुरी विशेष : ( जिनकी मातृभाषा मणिपुरी है, उनके लिए यह प्रश्न-पत्र हैं )।

**समय : 2 घंटे** **कुल अंक - 50** **उत्तीर्णांक : 15**

**पाठ्यपुस्तकें -**

**1. Class X MANIPURI - Published by Board of Secondary Education, Manipur - Imphal.**

क). नाचोम ( साहित्य ) सैरें / वारें।

ख) नोङ्इन ( तेंबां ) वारी मचा। - ये पाठ्य है।

**2. संस्कृत बोध - समिति प्रकाशन।**

इस पुस्तक से (प्रथम से पाँच तक) कुल पाँच पाठ निर्धारित हैं।

## <u>पाँचवाँ परचा ( मौखिक )</u>

**कुल अंक : 50** **उत्तीर्णांक : 15**

( नोट : मौखिक प्रश्न-पत्र से सम्बधित विषयों जैसे- हिन्दी के मानक उच्चारण- लेखन में अन्तर दिखानेवाले शब्द, आदर्श पाठ्य गायन / पठन, श्रुत लेख, स्वयं के तथा परिवार जनों के बारे में जानकारी / वार्तालाप, भाषण : संभाषण (संवाद कौशल), प्रयोजनमूलक : व्यवहारिक शब्दावली का ज्ञान, सामान्य ज्ञान (पठित / अपठित) तथा समग्र प्रभाव आदि पर मौखिक परीक्षक परीक्षार्थियों से परीक्षा लेंगे)।

प्रतिलिपि :

1. केन्द्र व्यवस्थापक (सभी केन्द्र) के ज्ञातार्थ तथा व्यवस्था हेतु।
2. प्रचारक / प्रचारिका (सभी केन्द्र) के ज्ञातार्थ।
3. अध्यक्ष / सचिव (सभी राष्ट्रभाषा जिला समिति) के ज्ञातार्थ।
4. सचिव, बराकवैली राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के ज्ञातार्थ।

5. सचिव, हिन्दी प्रचार मण्डल, मेघालय के ज्ञातार्थ।
6. सचिव, नागालैण्ड राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, कोहिमा के ज्ञातार्थ।
7. सचिव, अरुणाचल राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, अरुणाचल के ज्ञातार्थ।
8. सचिव, मणिपुर हिन्दी प्रचार सभा, अकाम्पात, इंफाल के ज्ञातार्थ।

स्वा /- डॉ. क्षीरदा कुमार शइकीया
मंत्री
असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति

स्वा /- डॉ. राजीव शइकीया
प्रभारी परीक्षा सचिव
असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति

**मूल्य :- 20.00 मात्र।**

- - - - - - - - - --